दिल्ली पुलिस ने पकड़ा नकली दवाओं का बड़ा गिरोह, मास्टरमाइंड समेत 6 गिरफ्तार



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी गैंग स्क्वॉड ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली लाइफ सेविंग दवाओं के अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस ऑपरेशन में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें गैंग का सरगना राजेश मिश्रा भी शामिल है. पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह देश के कई राज्यों में फैला हुआ था. इसका संचालन मुरादाबाद, देवरिया, गोरखपुर, पानीपत, जींद, बद्दी और सोलन जैसे इलाकों से किया जा रहा था. गिरोह Johnson & Johnson, GSK, Alkem जैसी जानी-मानी कंपनियों के नाम पर नकली दवाएं बना और बेच रहा था.

Source: [https://www.aajtak.in/india/news/story/delhi-police-arrested-6-for-fake-medicine-manufacturing-and-distribution-ntc-rpti-2305110-2025-08-07](https://www.aajtak.in/india/news/story/delhi-police-arrested-6-for-fake-medicine-manufacturing-and-distribution-ntc-rpti-2305110-2025-08-07)